डाउनलोड

बिहार लोक सेवा आयोग

(बीपीएससी) 42वीं

प्रारंभिक परीक्षा

प्रश्न पत्र

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

42वीं BPSC संयुक्त प्रतियोगिता (P.T.) परीक्षा-1998

सामान्य अध्ययन

1. बिहार के किस नेता ने गांधीजी के साथ किसान आंदोलन का नेतृत्व किया ?
(A) बाबा रामचंद्र (B) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(C) राजकुमार शुक्ल (D) रफी अहमद किदवई
उत्तर-(B)
व्याख्या-चंपारण सत्याग्रह में गांधीजी के साथ कई नेता थे—राजेन्द्र प्रसाद, अनुग्रह नारायण सिन्हा, रामदयालु सिंह, आदि। राजकुमार शुक्ल स्वयं एक पीड़ित किसान थे, जिन्होंने 1916 के लखनऊ अधिवेशन में गांधीजी को चंपारण आने को आमंत्रित किया था।
स्रोत-बिहार : इतिहास एवं संस्कृति/प्रमोदानंद दास, कुमार अमरेंद्र/लूसेंट पब्लिकेशन/2008/पृष्ठ सं०-222

2. महात्मा गांधी ने सर्वप्रथम किस किसान आंदोलन में भाग लिया ?
(A) खेड़ा (B) चंपारण
(C) बारदोली (D) बड़ोदरा उत्तर-(B)
व्याख्या-गांधीजी के भारत में प्रारंभिक सत्याग्रह आंदोलनों का क्रम था—1. चंपारण (1917), 2. खेड़ा (1918), 3. अहमदाबाद (1918)। बारदोली सत्याग्रह गुजरात के सूरत जिले में 1928 में हुआ।

3. नील कृषकों की दुर्दशा पर लिखी गई पुस्तक 'नील दर्पण' के लेखक कौन थे ?
(A) बंकिमचंद्र चटर्जी (B) दीनबंधु मित्र
(C) शरतचंद्र चटर्जी (D) रवींद्रनाथ ठाकुर
उत्तर-(B)
व्याख्या-नील विद्रोह बंगाल के नादिया जिले में विश्वंभर चरण विश्वास तथा दिगंबर चरण विश्वास के नेतृत्व में 1859 में शुरू हुआ। नील रैयतों के प्रति अंग्रेजों के अत्याचार की प्रतिक्रिया स्वरूप दीनबंधु मित्र ने 'नील दर्पण' नाटक लिखा, जिससे राष्ट्रीयता के विकास में बड़ी मदद मिली।
स्रोत-आधुनिक भारत/प्रशांत दत्त/नेशनल पब्लिकेशन/1999/पृष्ठ सं०-132

4. 1905 में बंगाल का विभाजन किस वायसराय ने किया ?
(A) लॉर्ड हार्डिंग (B) लॉर्ड कर्जन
(C) लॉर्ड लिटन (D) लॉर्ड मिंटो उत्तर-(B)
व्याख्या-लॉर्ड कर्जन ने जुलाई, 1905 में बंगाल विभाजन का आदेश जारी किया। विभाजन 16 अक्टूबर, 1905 से प्रभावी हुआ।
स्रोत-आधुनिक भारत/बिपिन चंद्र/NCERT/1986/पृष्ठ सं०-193-194

5. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन कहाँ हुआ था ?
(A) कलकत्ता में (B) लाहौर में
(C) बंबई में (D) पूना में उत्तर-(C)
व्याख्या-एक सेवानिवृत्त सरकारी अंग्रेज अफसर ए. ओ. ह्यूम के सहयोग से बंबई में दिसंबर, 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का पहला अधिवेशन हुआ, जिसकी अध्यक्षता डब्ल्यू. सी. बनर्जी ने की तथा इसमें 72 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
स्रोत-आधुनिक भारत/बिपिन चंद्र/NCERT/1986/पृष्ठ सं०-166-167

6. 1857 ई. के विद्रोह का नेतृत्व बिहार में किसने किया ?
(A) खान बहादुर खान (B) कुँवर सिंह
(C) तात्या टोपे (D) रानी राम कुमारी
उत्तर-(B)
व्याख्या-जगदीशपुर (आरा) के जमींदार कुँवर सिंह 1857 विद्रोह के महान् क्रांतिकारी थे। उनका विद्रोह जुलाई, 1857 से शुरू होकर अप्रैल, 1858 तक चला।
स्रोत-सृजन सामान्य अध्ययन शृंखला-बिहार इतिहास एवं संस्कृति/मुख्य परीक्षा विशेषांक/पृष्ठ सं०-4-5

7. अंग्रेजों ने श्रीरंगपट्टनम की संधि किसके साथ की थी ?
(A) हैदर अली (B) डूप्ले
(C) टीपू सुल्तान (D) नन्दराज उत्तर-(C)
व्याख्या-लॉर्ड कार्नवालिस (1786-93) के समय तृतीय आंग्ल-मैसूर युद्ध (1790-92) हुआ। इस युद्ध में अंग्रेजों से हारकर टीपू सुल्तान को श्रीरंगपट्टनम की संधि (मार्च, 1792) करनी पड़ी।
स्रोत-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं-99-100

8. स्वामी सहजानंद का संबंध था-
(A) बिहार के जनजातीय आंदोलनों के साथ
(B) बिहार के जातीय आंदोलनों के साथ
(C) बिहार के किसान आंदोलनों के साथ
(D) बिहार के मजदूर आंदोलनों के साथ उत्तर-(C)
व्याख्या-बिहार में किसान आंदोलनों के पुरोधा स्वामी सहजानंद थे। उन्हीं के प्रयासों से 1936 में अखिल भारतीय किसान सभा का गठन हुआ, जिसके अध्यक्ष सहजानंद थे।
स्रोत-सृजन सामान्य अध्ययन शृंखला-बिहार इतिहास, कला एवं संस्कृति/मनीष, संजीव, आशुतोष/मुख्य परीक्षा विशेषांक/पृष्ठ सं०-30

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

9. **नालंदा विश्वविद्यालय किसलिए विश्वप्रसिद्ध था ?**
(A) चिकित्सा विज्ञान (B) तर्कशास्त्र
(C) बौद्ध धर्म-दर्शन (D) रसायन विज्ञान
उत्तर-(C)
व्याख्या-नालंदा विश्वविद्यालय महायान बौद्ध धर्म की शिक्षा का प्रमुख केन्द्र था। ह्वेनसांग के अनुसार इसका संस्थापक शक्रादित्य (कुमार गुप्त-I-415-455 ईस्वी) था।
स्रोत-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाईटेड बुक डिपो/2010/पृष्ठ सं०-771-772

10. **पाटलीपुत्र को सर्वप्रथम किस शासक ने अपनी राजधानी बनाया ?**
(A) चंद्रगुप्त मौर्य (B) अशोक महान्
(C) चंद्रगुप्त विक्रमादित्य (D) कनिष्क **उत्तर-(A)**
व्याख्या-पाटलीपुत्र नगर की स्थापना सर्वप्रथम् मगध के हर्यंकवंशी राजा उदायिन/उदयभद्र (460-444 ईसापूर्व) ने की तथा अपनी राजधानी राजगृह से बदलकर यहाँ स्थापित की। (Note-किंतु विकल्पों में यह विकल्प मौजूद नहीं होने के कारण उत्तर चंद्रगुप्त मौर्य होना चाहिए।)
स्रोत-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाइटेड बुक डिपो/2010/पृष्ठ सं०-936

11. **प्रथम मगध साम्राज्य का उत्कर्ष किस शताब्दी में हुआ था?**
(A) ई.पू. चौथी शताब्दी (B) ई.पू. छठी शताब्दी
(C) ई.पू. दूसरी शताब्दी (D) ई.पू. पहली शताब्दी
उत्तर-(B)
व्याख्या-मगध साम्राज्य का उत्कर्ष ई.पू. छठी शताब्दी में शुरू हुआ, जब बिंबिसार (544-492 ईसापूर्व) के नेतृत्व में हर्यंक वंश (544 ईसापूर्व से 412 ईसापूर्व तक) मगध की सत्ता पर आया।
स्रोत-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाइटेड बुक डिपो/2010/पृष्ठ-121

12. **जैन धर्म के प्रवर्तक महावीर स्वामी का जन्म स्थान था-**
(A) पिप्पलीवन (B) वैशाली
(C) कुंडग्राम (D) विक्रमशिला **उत्तर-(C)**
व्याख्या-महावीर का जन्म 599 ईसापूर्व के लगभग वैशाली के निकट कुंड ग्राम में हुआ था। उनके पिता सिद्धार्थ ज्ञातृक कुल के प्रधान थे तथा उनकी माता त्रिशला अथवा विदेहदत्ता वैशाली के लिच्छवी कुल के प्रधान चेटक की बहन थीं। (Note-कुछ विद्वान महावीर का जन्म 540 ईसापूर्व मानते हैं।)
स्रोत-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाईटेड बुक डिपो/2010/पृष्ठ सं०-820

13. **गुप्त युग में भू-राजस्व की दर थी-**
(A) उपज का चौथा भाग (B) उपज का छठा भाग
(C) उपज का आठवाँ भाग (D) उपज का आधा भाग
उत्तर-(B)
व्याख्या-गुप्त काल में जो लोग राजकीय भूमि पर खेती करते थे, उन्हें सामान्यतः अपनी उपज का छठा भाग राजा को कर रूप में देना पड़ता था। गुप्त अभिलेखों में भूमिकर को 'उद्रंग' अथवा 'भाग' कहा गया है। स्मृति ग्रंथों में इसे राजा की 'वृत्ति' कहा गया है।
स्रोत-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाइटेड बुक डिपो/2010/पृष्ठ सं०-423

14. **निम्नांकित में कौन-सा अशोक के साम्राज्य में शामिल नहीं था ?**
(A) अफगानिस्तान (B) बिहार
(C) श्रीलंका (D) कलिंग **उत्तर-(C)**
व्याख्या-अशोक के अभिलेखों के प्राप्ति-स्थलों तथा अन्य स्रोतों के अनुसार अशोक का साम्राज्य अफगानिस्तान से लेकर कर्नाटक तक तथा काठियावाड़ से लेकर बंगाल की खाड़ी तक विस्तृत था। अशोक के द्वितीय शिलालेख के अनुसार दक्षिणी सीमा पर स्थित चोल, पांड्य, सतियपुत्त, केरल तथा ताम्रपर्णी (लंका) उसके साम्राज्य से बाहर थे।
स्रोत-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाइटेड बुक डिपो/2010/पृष्ठ सं०-234

15. **प्रसिद्ध दस राजाओं का युद्ध किस नदी के तट पर लड़ा गया ?**
(A) गंगा (B) ब्रह्मपुत्र
(C) कावेरी (D) परुष्णी **उत्तर-(D)**
व्याख्या-दशराज्ञ (दस राजाओं का) युद्ध परुष्णी (रावी) के तट पर हुआ था। इसमें एक ओर राजा सुदास (त्रित्सु कुल के भरतवंशी राजा) थे तथा दूसरी ओर पुरू, यदु, तुर्वस, अनु, ब्रह्यु, अलिन, पख्त, भालन, शिवि और विशानिन राज्यों के राजा थे।
स्रोत-प्राचीन भारत/कक्षा-XI/NCERT/जून 2003/मक्खन लाल/पृष्ठ सं०-91

16. **ऋग्वेद का कौन-सा मंडल पूर्णतः 'सोम' को समर्पित है?**
(A) सातवाँ मंडल (B) आठवाँ मंडल
(C) नौवाँ मंडल (D) दसवाँ मंडल **उत्तर-(C)**
व्याख्या-ऋग्वेद का नौवाँ मंडल सोम को समर्पित है। सोम देवता के साथ-साथ एक वनस्पति भी है, जिससे सोमरस तैयार होता था।

17. **दिल्ली के लाल किले का निर्माण किसने करवाया था ?**
(A) अकबर (B) नूरजहाँ
(C) जहाँगीर (D) शाहजहाँ **उत्तर-(D)**
व्याख्या-शाहजहाँ ने 1636 में शाहजहाँबाद नामक एक नए शहर की नींव रखी। इसी शहर के भीतर उसने लाल किला बनवाया जिसकी चौड़ाई 1600 फुट तथा लंबाई 3200 फुट है।
स्रोत-मध्यकालीन भारतीय संस्कृति/आशीर्वादीलाल श्रीवास्तव/शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी/पृष्ठ सं०-176-177

18. **'हुमायूँनामा' की रचना किसने की थी ?**
(A) बाबर (B) हुमायूँ
(C) गुलबदन बेगम (D) जहाँगीर **उत्तर-(C)**

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

व्याख्या-बाबर की पुत्री तथा हुमायूँ की सौतेली बहन गुलबदन बेगम (The Princes Rose-body) ने अकबर द्वारा आग्रह किए जाने पर फारसी भाषा में हुमायूँनामा नामक संस्मरण लिखा।

स्रोत-मध्यकालीन भारत का वृहत् इतिहास/खंड-2/जे. एल. मेहता/ जवाहर पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीबयूटर्स/2002/ पृष्ठ सं॰-26-27

19. 'अलाई दरवाजा' का निर्माण किसने करवाया था ?

(A) इल्तुतमिश (B) बलबन
(C) अलाउद्दीन (D) फीरोज तुगलक

उत्तर-(C)

व्याख्या-दिल्ली के कुतुब क्षेत्र में अलाई दरवाजा का निर्माण अलाउद्दीन खिलजी ने 1300-11 में करवाया था। स्थापत्य के क्षेत्र में उसकी अन्य देन हैं—सीरी नगर, हजार सितून, हौज-ए-अलाई और जमायतखाना मस्जिद।

स्रोत-मध्यकालीन भारतीय संस्कृति/आशीर्वादीलाल श्रीवास्तव/शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी/पृष्ठ सं॰-120

20. 'तबकात-ए-नासिरी' का लेखक कौन था ?

(A) शेख जमालुद्दीन (B) अलबरूनी
(C) मिनहाज-उस-सिराज (D) जियाउद्दीन बर्नी

उत्तर-(C)

व्याख्या-तबकात-ए-नासिरी की रचना फारसी में मिनहा-उस-सिराज जुजानी ने की थी। यह 23 तबकों (अध्यायों) में विभक्त है तथा इल्तुतमिश तक सल्तनत काल के लिए महत्वपूर्ण स्रोत है।

स्रोत-मध्यकालीन भारत-भाग-I/हरीशचंद्र वर्मा/हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय/2011/पृष्ठ सं॰-504-505

21. बिहार में अलग प्रांत के लिए आंदोलन, जिसके परिणामस्वरूप 1911 में बिहार-उड़ीसा के लिए नए प्रांत का निर्माण हुआ, का नेतृत्व किया था-

(A) सच्चिदानंद सिन्हा ने (B) अनुग्रह नारायण सिन्हा ने
(C) जे. बी. कृपलानी ने (D) बिरसा मुंडा ने**उत्तर-(A)**

व्याख्या-पृथक् बिहार आंदोलन को शुरू करने का श्रेय सच्चिदानंद सिन्हा तथा महेश नारायण को जाता है। इस आंदोलन में उनके अन्य साथी थे-नंद किशोर लाल, कृष्णा सहाय, अली इमाम, मजहरूल हक, दीपनारायण सिंह आदि।

स्रोत-बिहार का इतिहास एवं संस्कृति/प्रमोदानंद दास, कुमार अमरेंद्र / लूसेंट पब्लिकेशन/2008/पृष्ठ सं॰-211-212

22. काँग्रेस सोशलिस्ट पार्टी की पहली बैठक पटना में हुई, वर्ष-

(A) 1921 में (B) 1934 में
(C) 1927 में (D) 1939 में **उत्तर-(B)**

व्याख्या-कांग्रेस समाजवादी (सोशलिस्ट) पार्टी की स्थापना 17 मई, 1934 को पटना के अंजुमन इस्लामिया हॉल में हुई थी। इस बैठक की अध्यक्षता आचार्य नरेन्द्र देव ने की। जय प्रकाश नारायण इस नई पार्टी के महामंत्री बने।

स्रोत-बिहार इतिहास एवं संस्कृति/प्रमोदानंद दास, कुमार अमरेंद्र/लूसेंट पब्लिकेशन/2008/पृष्ठ सं॰-292

23. "हम बहुत बड़ी भूल करेंगे यदि हम बिहार की जनता और उसके मंत्रिमंडल को लीग के नेताओं के हिंसक व असभ्य आक्रमणों के आगे असुरक्षित छोड़ देंगे।" 1946 में यह बात किसने कही ?

(A) गांधीजी ने (B) जवाहरलाल नेहरु ने
(C) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने (D) वल्लभभाई पटेल ने

उत्तर-(D)

व्याख्या-राजेन्द्र बाबू को 11 नवंबर, 1946 को लिखे एक पत्र में पटेल जी ने प्रश्न में उद्धृत बात कही थी।

स्रोत-आधुनिक भारत/सुमित सरकार/राजकमल प्रकाशन/1992/पृष्ठ सं॰-487

24. 1908 के छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम ने रोक लगाई-

(A) वन उत्पाद के स्वतंत्र उपयोग पर
(B) वनों को जलाने पर
(C) बैठ-बेगारी पर
(D) खुटकुट्टी भूमि व्यवस्था पर **उत्तर-(C)**

व्याख्या-बिरसा मुंडा के आंदोलन (1899-1900) के बाद 1908 में पारित छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम ने आदिवासियों के खुटकुट्टी अधिकारों को मान्यता दी तथा जबरीबेगार (बैठ-बेगार) पर प्रतिबंध लगा दिया।

स्रोत-आधुनिक भारत/सुमित सरकार/राजकमल प्रकाशन/1992/पृष्ठ सं॰-69

25. गोरक्षा के मुद्दे पर बिहार के शाहाबाद, गया एवं पटना जिले में भयानक हिन्दू-मुस्लिम दंगे हुए, वर्ष-

(A) 1917 में (B) 1919 में
(C) 1939 में (D) 1946 में **उत्तर-(C)**

व्याख्या-गोरक्षा के मुद्दे पर बिहार में 1939 में शाहाबाद, गया एवं पटना में भयानक दंगे हुए थे।

स्रोत-सृजन बिहार विशेष/PT परीक्षा विशेषांक/मनीष, संजीव, आशुतोष/पृष्ठ सं॰-30

26. बेगूसराय में चौकीदारी कर के विरुद्ध आंदोलन एक हिस्सा था-

(A) असहयोग आंदोलन का
(B) सविनय अवज्ञा आंदोलन का
(C) भारत छोड़ो आंदोलन का
(D) खिलाफत आंदोलन का **उत्तर-(B)**

व्याख्या-सविनय अवज्ञा आंदोलन के क्रम में बिहार में चौकीदारी कर बंद करने का तीव्र आंदोलन चला। सारण, चंपारण शाहाबाद, पूर्णियाँ, मुंगेर, पटना तथा अन्य जिलों में चौकीदारी कर देने से लोगों ने इंकार कर दिया।

स्रोत-सृजन सामान्य अध्ययन, बिहार इतिहास, कला-संस्कृति/ मुख्य परीक्षा विशेषांक/मनीष, संजीव, आशुतोष/पृष्ठ सं॰-40

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

27. चंपारण आंदोलन से निम्नलिखित में से कौन संबंधित नहीं थे ?

(A) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (B) अनुग्रह नारायण सिन्हा
(C) जे. बी. कृपलानी (D) जयप्रकाश नारायण

उत्तर-(D)

व्याख्या-चंपारण सत्याग्रह में गांधीजी के साथ थे—राजेन्द्र प्रसाद, रामनवमी प्रसाद, धरणीधर प्रसाद, रामदयालु सिंह, गोरख प्रसाद, विन्ध्यवासी प्रसाद, रामविनोद सिंह, रामरक्ष ब्रह्मचारी, अनुग्रह नारायण सिन्हा, ध्वजा प्रसाद साहू, जे. वी. कृपलानी आदि।

स्रोत-बिहार इतिहास एवं संस्कृति/प्रमोदानंद दास, कुमार अमरेन्द्र/लूसेंट पब्लिकेशन/2008/पृष्ठ सं॰-222

28. आजाद हिन्द सरकार के निर्माण की घोषणा की गई-

(A) 20 जनवरी, 1930 को
(B) 8 अगस्त, 1942 को
(C) 21 अक्टूबर, 1943 को
(D) 18 फरवरी, 1946 को **उत्तर-(C)**

व्याख्या-21 अक्टूबर, 1943 को सुभाष चंद्र बोस ने सिंगापुर में भारत की अस्थायी सरकार की स्थापना की। नवंबर, 1943 में जापान ने इस सरकार को अंडमान तथा निकोबार द्वीप सौंप दिए।

स्रोत-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-338

29. अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी ने भारत छोड़ो प्रस्ताव पारित किया, वर्ष-

(A) 1970 में (B) 1917 में
(C) 1930 में (D) 1942 में **उत्तर-(D)**

व्याख्या-8 अगस्त, 1942 को बंबई में हुई अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की बैठक में 'भारत छोड़ो' प्रस्ताव पारित हुआ।

स्रोत-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-411

30. "स्वराज आम जनता के लिए होना चाहिए, केवल खास वर्गों के लिए नहीं" के प्रसिद्ध सूत्र की घोषणा की-

(A) सी. आर. दास ने (B) सी. राजगोपालाचारी ने
(C) मोतीलाल नेहरू ने (D) गोपीनाथ साहा ने

उत्तर-(A)

व्याख्या-कांग्रेस के गया अधिवेशन (1922) के दो माह पूर्व देहरादून में संयुक्त प्रांत के प्रादेशिक सम्मेलन में सी. आर. दास ने अपना प्रसिद्ध सूत्र दिया था—"स्वराज्य जनसामान्य के लिए होना चाहिए, केवल भद्रलोक के लिए नहीं।"

स्रोत-आधुनिक भारत/सुमित सरकार/राकमल प्रकाशन/1992/पृष्ठ सं॰-264

31. भारत सरकार अधिनियम, 1935 ने समाप्त की-

(A) प्रांतीय स्वायत्तता (B) प्रांतीय द्वैध शासन व्यवस्था
(C) भारत की संघीय संरचना
(D) जिम्मेदार केन्द्रीय सरकार **उत्तर-(B)**

व्याख्या-1935 के अधिनियम के द्वारा प्रांतों में दोहरी शासन व्यवस्था को खत्म कर प्रांतीय स्वायत्तता की शुरूआत की गई। द्वैध शासन केन्द्र में लाया गया। नेहरू ने इस एक्ट को 'अनेक ब्रेकों वाली परंतु इंजन रहित' मशीन की संज्ञा दी।

स्रोत-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-406-407

32. अगस्त, 1932 के रैम्जे मैकडोनाल्ड के सांप्रदायिक पंचाट द्वारा पहली बार एक पृथक् निर्वाचन समूह बनाया गया-

(A) मुस्लिमों के लिए (B) भारतीय ईसाइयों के लिए
(C) ऐंग्लो-इंडियनों के लिए
(D) अछूतों के लिए **उत्तर-(D)**

व्याख्या-अगस्त, 1942 के मैकडोनाल्ड के सांप्रदायिक निर्णय के तहत मुस्लिमों के साथ-साथ अछूतों के लिए भी पृथक् निर्वाचन मंडल की व्यवस्था की गई। गांधीजी ने इसका विरोध किया, जिसमें एम.सी. राजा जैसे बहुत से हरिजनों ने उनका साथ दिया। अंततः गांधी तथा अंबेडकर के बीच पूना समझौता हुआ।

स्रोत-स्वतंत्रता संग्राम/बिपिनचंद्र, अमलेश त्रिपाठी, वरूण डे/नेशनल बुक ट्रस्ट/1998/पृष्ठ सं॰-141

33. मुस्लिम लीग द्वारा पाकिस्तान की स्थापना की मांग करने वाला प्रस्ताव पारित किया गया, वर्ष-

(A) 1905 में (B) 1917 में
(C) 1940 में (D) 1946 में **उत्तर-(C)**

व्याख्या-मार्च, 1940 को मुस्लिम लीग के लाहौर अधिवेशन में जिन्ना ने हिन्दू और मुसलमान को पृथक्-पृथक राष्ट्र बताते हुए भारत के विभाजन का प्रस्ताव रखा। हालाँकि पाकिस्तान नामक अलग देश का सिद्धांत सर्वप्रथम् रहमत अली ने दिया था।

स्रोत-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-423

34. "स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा"-यह वक्तव्य किससे संबंधित है ?

(A) लाला लाजपत राय (B) महात्मा गांधी
(C) बाल गंगाधर तिलक (D) सुभाषचंद्र बोस

उत्तर-(C)

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

व्याख्या-तिलक (1856-1920) पहले व्यक्ति थे जिन्होंने स्वराज्य की मांग स्पष्ट रूप से की। "स्वराज्य मेरा ..... लेकर रहूँगा।" के उनके प्रसिद्ध नारे ने जन-जन में नया जोश भर दिया। वैलेन्टाइन शिरोल ने उन्हें "भारतीय अशांति का जन्मदाता" कहा था।

स्रोत-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं०-331

35. 'हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी' के संस्थापक नेताओं में एक थे-

(A) बी.आर. अंबेडकर (B) भगत सिंह
(C) सुभाषचंद्र बोस (D) जयप्रकाश नारायण

उत्तर-(B)

व्याख्या-सितंबर, 1928 में भगतसिंह, चंद्रशेखर आजाद, भगवती चरण बोहरा, सुखदेव आदि ने दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान में सभा आयोजित की तथा 'हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन/आर्मी' की स्थापना की।

स्रोत-आधुनिक भारत/प्रशांत दत्त/नेशनल पब्लिकेशन/1999/पृष्ठ सं०-147

36. 'पूर्ण स्वराज्य' का प्रस्ताव लाहौर कांग्रेस में पारित किया गया, वर्ष-

(A) 1919 में (B) 1929 में
(C) 1939 में (D) 1942 में **उत्तर-(B)**

व्याख्या-कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन (दिसंबर, 1929) में 'पूर्ण स्वराज्य' का नारा दिया गया तथा 'वंदे मातरम्' और 'इंकलाब जिंदाबाद' के नारों के बीच तिरंगा फहराया गया। इस अधिवेशन की अध्यक्षता जवाहरलाल नेहरू ने की थी।

स्रोत-आधुनिक भारत/सुमित सरकार/राजकमल प्रकाशन/1992/पृष्ठ सं०-323-324

37. वंदे मातरम गीत लिखा था-

(A) रवीन्द्रनाथ टैगोर ने (B) नवगोपाल मित्र ने
(C) बंकिमचंद्र चटर्जी ने (D) गिरीशचंद्र घोष ने

उत्तर-(C)

व्याख्या-'वंदेमातरम्' गीत बंकिमचंद्र चटर्जी के उपन्यास 'आनंदमठ' से लिया गया है, जिसका कथानक संन्यासी विद्रोह पर आधारित है।

स्रोत-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं०-178

38. बंगाल विभाजन से जुड़े भारत के वायसराय का नाम बताइये-

(A) लॉर्ड रिपन (B) लॉर्ड कर्जन
(C) लॉर्ड लिटन (D) लॉर्ड मांउटबेटन

उत्तर-(B)

व्याख्या-बंगाल का विभाजन लॉर्ड कर्जन ने किया। विभाजन 16 अक्टूबर, 1905 को प्रभावी हुआ। इसके विरोध में स्वदेशी तथा बहिष्कार आंदोलन चलाया गया।

स्रोत-स्वतंत्रता संग्राम/बिपिनचंद्र, अमरेश त्रिपाठी, बरुण डे/नेशनल बुक ट्रस्ट/1998/पृष्ठ सं०-66

39. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना किसने की थी ?

(A) ए. ओ. ह्यूम ने (B) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी ने
(C) डब्ल्यू. सी. बनर्जी ने (D) ऐनी बेसेंट ने **उत्तर-(A)**

व्याख्या-भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 1885 में बंबई में ए. ओ. ह्यूम के सहयोग तथा प्रेरणा से हुई। इसकी अध्यक्षता व्योमेश चंद्र बनर्जी ने की।

स्रोत-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं०-299

40. भारतीय राजनीति में सन् 1947 के बाद किस महिला ने सर्वाधिक योगदान दिया ?

(A) अरूणा आसफ अली (B) कमला रानी सिंह
(C) तारकेश्वरी सिन्हा (D) राबड़ी देवी

उत्तर-(A)

41. कावेरी नदी कौन-से राज्यों से होकर गुजरती है?

(A) गुजरात, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु
(B) कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु
(C) कर्नाटक, केरल, आन्ध्र प्रदेश
(D) मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु

उत्तर-(B)

व्याख्या-यह कर्नाटक के कुर्ग जिले की ब्रह्मगिरी पहाड़ियों से निकलती है तथा बंगाल की खाड़ी में गिरती है। यह नदी कर्नाटक में 41%, 3% केरल में तथा 56% तमिलनाडु में द्रोणी बनाती है। कावेरी जल के बँटवारे को लेकर कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच विवाद है। इस नदी के किनारे बसा प्रमुख शहर श्रीरंगपट्टनम और तंजावुर है।

स्रोत-NCERT, भारत भौतिक पर्यावरण कक्षा-XI , पृष्ठ सं०-34

42. कोंकण रेल जिन राज्यों से गुजरती है वे है-

(A) महाराष्ट्र-गोवा-कर्नाटक
(B) महाराष्ट्र-कर्नाटक-केरल
(C) महाराष्ट्र-गोवा-केरल
(D) महाराष्ट्र-गोवा-कर्नाटक-केरल

उत्तर-(D)

व्याख्या-कोंकण रेलवे परियोजना मार्च, 1990 में शुरू की गई। यह चार राज्यों-गोवा, महाराष्ट्र, कर्नाटक एवं केरल के बीच गुजरती है। इस रेल मार्ग पर रत्नागिरि के निकट कारबुडे स्थित सुरंग 6.5 किमी० लम्बी है जो विश्व में सबसे लम्बी रेल सुरंग है।

स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था, प्रतियोगिता दर्पण-2012, पृष्ठ सं०-215

43. भाखड़ा-नांगल संयुक्त परियोजना है-

(A) हरियाणा-पंजाब-राजस्थान की
(B) हरियाणा-पंजाब-दिल्ली की
(C) हिमाचल प्रदेश दिल्ली की
(D) पंजाब-दिल्ली-राजस्थान की **उत्तर-(A)**

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

(A) [illegible] (B) [illegible]
(C) मिजोरम में (D) मेघालय में

उत्तर-(D)

व्याख्या-गारो व जयन्तिया पहाड़ियों के बीच में मेघालय राज्य में गारो जनजाति पायी जाती है।

स्रोत-मनोरमा ईयर बुक, 2013 पृष्ठ सं०-766

45. कावेरी जल विवाद है-

(A) आन्ध्र प्रदेश एवं तमिलनाडु का
(B) आन्ध्र प्रदेश एवं कर्नाटक का
(C) कर्नाटक एवं तमिलनाडु का
(D) तमिलनाडु एवं पाण्डिचेरी का

उत्तर-(C)

व्याख्या-यह कर्नाटक के कुर्ग जिले की ब्रह्मगिरी पहाड़ियों से निकलती है तथा बंगाल की खाड़ी में गिरती है। यह नदी कर्नाटक में 41%, 3% केरल में तथा 56% तमिलनाडु में द्रोणी बनाती है। कावेरी जल के बँटवारे को लेकर कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच विवाद है। इस नदी के किनारे बसा प्रमुख शहर श्रीरंगपट्टनम और तंजावुर है।

स्रोत-NCERT, भारत भौतिक पर्यावरण कक्षा-XI, पृष्ठ सं०-34

46. 'रेगुर' नाम है-

(A) लाल मिट्टी का (B) काली मिट्टी का
(C) कछारी मिट्टी का (D) लेटेराइट मिट्टी का

उत्तर-(B)

व्याख्या-काली मिट्टी को ही रेगुर मिट्टी कहते हैं। यह दक्कन के बैसाल्ट के चट्टान से विकसित हुई है। ये मृदा देश के क्षेत्रफल के 30% भाग में पायी जाती है। इस मिट्टी का रंग गाढ़ा काला और सलेटी होती है। इसमें लौह, चूने और अल्युमिनियम की काफी मात्रा होती है, किन्तु जैव पदार्थ की कमी होती है। इसमें कपास की खेती होती है। इसलिए इसे कपासी मिट्टी भी कहा जाता है। इस मिट्टी का विस्तार सबसे अधिक महाराष्ट्र, गुजरात में पाया जाती है।

स्रोत-NCERT भारत, भौतिक पर्यावरण, कक्षा-XI, पृष्ठ सं०-80

47. शिवालिक श्रेणी का निर्माण हुआ-

(A) इयोजोइक में (B) पैलियोजोइक में
(C) मीसोजोइक में (D) केनोजोइक में

उत्तर-(D)

व्याख्या-शिवालिक श्रेणी का निर्माण प्लोस्टोसीन काल में हुआ। प्लीस्टोसीन, केनोजोइक काल के अन्तर्गत आता है।

स्रोत-NCERT भारत भौतिक पर्यावरण कक्षा-XI, पृष्ठ सं०-13

48. भारत की सर्वोच्च चोटी है-

(A) माउण्ट एवरेस्ट (B) कंचनजंघा
(C) गॉडविन ऑस्टिन (D) नन्दा पर्वत

उत्तर-(C)

व्याख्या-भारत की सर्वोच्च चोटी माउण्ट एवरेस्ट है, जिसे नेपाल में 'सागरमाथा' कहा जाता है। इसकी ऊँचाई 8,850 मी० है। कंचनजंघा की ऊँचाई 8,598 मी० है जो कि सिक्किम राज्य में अवस्थित है।

स्रोत-NCERT, कक्षा-XI, भारत भौतिक पर्यावरण (भूगोल) पृष्ठ सं०-13, 15, 16

49. 'पिग्मी' निवासी है-

(A) अफ्रीका के (B) एशिया के
(C) ऑस्ट्रेलिया के (D) दक्षिण अमेरिका के

उत्तर-(A)

व्याख्या-अफ्रीका महाद्वीप में पिग्मी जनजाति पायी जाती है। यह मुख्यत: आखेट एवं शिकार के द्वारा जीवन-यापन करते हैं। इनका मुख्य बसावट कागों नदी घाटी में है। इस नदी के नाम पर कांगों देश का भी नाम पड़ा।

स्रोत-मानव भूगोल के मूल सिद्धांत NCERT कक्षा-12 पृष्ठ सं०-39 एवं नवीन राष्ट्रीय स्कूल एटलस, पृष्ठ सं०-148

50. जोहान्सबर्ग विख्यात है-

(A) स्वर्ण-खनन हेतु (B) टिन-खनन हेतु
(C) अभ्रक-खनन हेतु (D) लौह-अयस्क हेतु

उत्तर-(A)

व्याख्या-जोहान्सबर्ग अफ्रीका महादेश के दक्षिण अफ्रीका देश में अवस्थित है। यह स्वर्ण की खान के लिए विख्यात है।

स्रोत-नवीन राष्ट्रीय स्कूल एटलस, पृष्ठ सं०-148

51. विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश है-

(A) भारत (B) संयुक्त राज्य अमेरिका
(C) चीन (D) रूस

उत्तर-(C)

व्याख्या-संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट के अनुसार चीन का जनसंख्या में स्थान प्रथम है। किन्तु अनुमान के अनुसार 2030 तक चीन को पीछे छोड़कर भारत विश्व की सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश बन जाएगा।

स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था, प्रतियोगिता दर्पण का अतिरिक्तांक, 2012, पृष्ठ सं०-92

52. 'गल्फ स्ट्रीम' है-

(A) खाड़ी में एक नदी (B) एक महासागरीय धारा
(C) जेट स्ट्रीम का दूसरा नाम
(D) एक धरातलीय हवा

उत्तर-(B)

व्याख्या-'गल्फ स्ट्रीम' उत्तरी अटलांटिक महासागर में संयुक्त राष्ट्र अमेरिका (USA) के पूर्वी तट पर बहने वाली गर्म जल धारा है, जो अपने प्रभाव से तट के तापमान को सामान्य से अधिक कर देती है।

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

53. ग्रह जिसका कोई उपग्रह नहीं, वह है-
(A) मंगल (B) बुध
(C) नेपच्यून (D) प्लूटो

उत्तर-(B)

व्याख्या-सौर मण्डल में बुध एवं शुक्र का कोई उपग्रह नहीं है। मंगल के दो उपग्रह 'फोबास' एवं 'डीमोस' है। नेप्च्यून के 13 उपग्रह हैं, इनमें 'ट्रिटोन' सबसे बड़ा है। प्लूटो के तीन उपग्रह-कैरोन, निक्स और हाइड्रा।

स्रोत-मनोरमा ईयर बुक, 2013, पृष्ठ सं०-402

54. भू-पर्पटी में सर्वाधिक पाया जाने वाला तत्व है-
(A) ऑक्सीजन (B) नाइट्रोजन
(C) मैगनीज (D) सिलिकॉन

उत्तर-(A)

व्याख्या-क्रस्ट में अधिकता में मिलने वाले तत्व ऑक्सीजन 46.8%, सिलिकॉन 27.72% एल्युमिनियम 8.13% हैं मैंगनीज नाइट्रोजन आदि कम मात्रा में पाये जाते हैं।

स्रोत-भौतिक भूगोल, सविन्द्र सिंह, पृष्ठ सं०-80

55. निम्नलिखित में से कौन-सी गैस ओजोन पर्त के अवक्षय के लिए उत्तरदायी है-
(A) कार्बन डाईऑक्साइड (B) कार्बन मोनोऑक्साइड
(C) नाइट्रस ऑक्साइड (D) क्लोरो फ्लोरो कार्बन

उत्तर-(D)

व्याख्या-क्लोरो फ्लोरो कार्बन (CFC) गैस ओजोन के अवक्षय के लिए सर्वाधिक उत्तरदायी है। ओजोन गैस सूर्य से आनेवाली पराबैंगनी किरणें को रोकती है, जो मानव तथा जीव जन्तुओं के लिए नुकसानदायक है।

स्रोत-पर्यावरण भूगोल-सविन्द्र सिंह, पृष्ठ सं०-378

56. हुडको (HUDCO) का अर्थ है-
(A) हाउसिंग एण्ड अरबन डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन
(B) हिमाचल यूनाइटेड डेवलपमेन्ट कम्पनी
(C) ह्यूमेन अरबन डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी
(D) हिसार अबरन डिस्ट्रीब्यूशन कम्यूनिटी

उत्तर-(A)

व्याख्या-'हुडको' एक राष्ट्रीय स्तर का संस्थान है, जो व्यक्तियों और समितियों को गृह निर्माण एवं फ्लैट बनाने के लिए ऋण देता है।

स्रोत-भारत-2013, प्रकाशन विभाग।

57. भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत के विदेश व्यापार में धन लगाने में मदद की-
(A) नाबार्ड के द्वारा (B) एक्जिम बैंक के द्वारा
(C) आई० डी० बी० आई के द्वारा
(D) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के द्वारा

उत्तर-(B)

व्याख्या-भारतीय आयात-निर्यात बैंक-एक्जिम बैंक (Exim Bank) की स्थापना 1 जनवरी 1982 ई० को की गई ताकि यह निर्यातकों एवं आयातकों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करा सके। इस बैंक की अधिकृत पूँजी अब 400 करोड़ रु० है। इस बैंक की स्थापना में RBI ने सहायता की थी।

स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं०-946

58. भारत से निर्यात होने वाली सबसे महत्वपूर्ण वस्तु है-
(A) चमड़े का सामान (B) कपड़े
(C) चाय (D) चावल

उत्तर-(B)

59. निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य का कर है?
(A) आय कर (B) भूमि राजस्व
(C) सीमा शुल्क (D) उत्पाद शुल्क

उत्तर-(B)

व्याख्या-भूमि राजस्व राज्य सरकारों का कर है। कृषि को छोड़ कर, सभी कर जैसे-आय कर, सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क केन्द्र सरकार के द्वारा वसूले जाने वाले कर है।

स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं०-962

60. निम्नलिखित में से सबसे बड़ा एकल साधन कौन-सा है, जिससे भारत में राजस्व कर से सरकार को आय होती है?
(A) उत्पाद शुल्क (B) सीमा शुल्क
(C) व्यक्तिगत आयकर (D) निगमित कर

उत्तर-(D)

व्याख्या-वर्तमान समय में केन्द्र सरकार के बजट 2012-13 के अनुसार कर राजस्व प्राप्ति-आय कर से 11%, उत्पाद शुल्क से 11%, निगम कर से 21%, सीमा शुल्क 10% राजस्व की प्राप्ति होती है।
प्रश्न पूछते समय उत्तर (A) होगा।

स्रोत-केन्द्रीय बजट, 2012-13

61. भारत में सबसे अधिक गेहूँ उत्पादक राज्य है-
(A) पंजाब (B) हरियाणा
(C) उत्तर प्रदेश (D) बिहार

उत्तर-(C)

व्याख्या-वर्तमान समय में सबसे अधिक गेहूँ का उत्पादन करने वाला राज्य उत्तर प्रदेश है।

स्रोत-आर्थिक सर्वेक्षण, 2011-12

62. सन् 1991 की नई आर्थिक नीति का लक्ष्य था-
(A) उदारीकरण (B) निजीकरण
(C) भूमण्डलीकरण (D) उपरोक्त में सभी

उत्तर-(D)

व्याख्या-श्री नरसिम्हा राव के नेतृत्व में स्थापित कांग्रेस की सरकार ने 24 जुलाई, 1991 को 'नई औद्योगिक नीति' की घोषणा की, जिसका मुख्य उद्देश्य उदारीकरण, निजीकरण एवं वैश्वीकरण था, उस समय वित्तमंत्री मनमोहन सिंह थे इसीलिए इसे 'राव-मनमोहन मॉडल' भी कहते हैं।

स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं०-172, 157.

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

63. हरित क्रान्ति की सफलता निम्नलिखित की उपलब्धता पर निर्भर है-
(A) बीजों की उच्च पैदावार किस्में
(B) पर्याप्त सिंचाई सुविधाएँ
(C) रसायनिक उर्वरक एवं कीटनाशक
(D) उपरोक्त सभी

उत्तर-(D)

व्याख्या-भारत में हरित क्रान्ति की शुरूआत 1966-67 से मानी जाती है। भारत के लिए हरित क्रांति शब्द का प्रयोग अमेरिकी कृषि वैज्ञानिक विलियम गाड ने किया। भारतीय हरित क्रांति का जनक डा० एम० एस० स्वामीनाथन को कहा जाता है। हरित क्रांति के मिम्न तत्व माने गये HYV बीज, रसायनिक उर्वरक, सिंचाई, मशीनीकरण इत्यादि।

स्रोत-प्रतियोगिता दर्पण का अतिरिक्तांक, 2012, पृष्ठ सं०-110

64. भूमि विकास बैंक निम्नलिखित का एक अंश है-
(A) वाणिज्यिक बैंक (B) आई० डी० बी० आई०
(C) नाबार्ड (D) सहकारी उधार ढाँचा

उत्तर-(D)

व्याख्या-भूमि विकास बैंक को भूमि बंधक बैंक भी कहा जाता है। यह किसानों को दीर्घकालीन ऋण देता है। इस बैंक का प्रारंभ मद्रास में हुआ था। भूमि विकास बैंक का मुख्य स्रोत ऋणपत्र है। यह सरकारी उधार ढाँचा के अन्तर्गत आता है।

स्रोत-प्रतियोगिता दर्पण का अतिरिक्तांक, 2012, पृष्ठ सं०-168

65. भारत में भूमि सुधार के क्षेत्र में शामिल नहीं है-
(A) बिचौलियों की समाप्ति (B) भू-जोतों का एकीकरण
(C) सहकारी कृषि (D) किसानों को मकान ऋण

उत्तर-(D)

व्याख्या-भारत में भूमि सुधारों के अन्तर्गत निम्नलिखित विषयों को शामिल किया गया। (1) बिचौलियों की समाप्ति (2) भू-धारण सुधार (3) जोतों की चकबन्दी (4) सहकारी कृषि आदि।

स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं०-583

66. नवीनतम जनगणनों के अनुसार भारत में जनसंख्या की औसत वार्षिक वृद्धि दर-
(A) बढ़ोत्तरी का रुख दिखाती है।
(B) कमी का रुख दिखती है।
(C) विस्फोटक ढंग से बढ़ी है।
(D) एक जैसा स्थिर रही।

उत्तर-(B)

व्याख्या-जनसंख्या वृद्धि दर (वार्षिक) % में

1971-1981	— 2.16
1981-91	— 2.11
1991-2001	— 1.93
2001-2011	— 1.64

स्रोत-Census of India 2011

67. भारत में अधिकांश व्यक्ति बेकार हैं-
(A) उद्योग में (B) कृषि में
(C) खनन में (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(B)

व्याख्या-भारत में 57% लोग कृषि में लगे हुए हैं। कृषि क्षेत्र में भारत में अदृश्य बेरोजगारी पायी जाती है। छिपी हुई या अदृश्य बेरोजगारी का अर्थ होता है कि रोजगार में लगे लोगों को हटा देने के बाद भी उत्पादन पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ता है।

स्रोत-प्रतियोगिता दर्पण का अतिरिक्तांक, 2012, पृष्ठ सं०-75

68. आठवीं योजना के अन्तर्गत जी.डी.पी. को निम्न स्तर तक बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था?
(A) 6.5% तक (B) 4.5% तक
(C) 6.0% तक (D) 5.6% तक

उत्तर-(D)

व्याख्या-आठवीं पंचवर्षीय योजना की अवधि 1992-97 रही। योजना का लक्ष्य 5.6% रखा गया था जबकि 6.68% विकास दर हासिल की गई।

स्रोत-भारत 2013, प्रकाशन विभाग, भारत सरकार, पृष्ठ सं०-695

69. सफलतापूर्वक कार्य करने हेतु पंचायती राज को पूरे सहयोग की जरूरत पड़ती है-
(A) स्थानीय जनता की (B) केन्द्रीय सरकार की
(C) नौकरशाही की (D) राजनेताओं की उत्तर-(A)

व्याख्या-सफलतापूर्वक कार्य करने हेतु पंचायती राज को स्थानीय जनता के सहयोग की जरूरत सर्वाधिक पड़ती है।

स्रोत-भारतीय लोक प्रशासन, बी.एल. फाड़िया, पृष्ठ सं०-590

70. प्राय: किसकी सलाह पर राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाता है ?
(A) मुख्यमंत्री (B) लेजिस्लेटिव असेम्बली
(C) राज्यपाल
(D) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश उत्तर-(C)

व्याख्या-यदि किसी राज्यपाल से रिपोर्ट मिलने पर या अन्यथा राष्ट्रपति का समाधान हो जाता है कि उस राज्य का शासन संविधान के अनुसार नहीं चलाया जा रहा है या संवैधानिक तंत्र विफल हो गया है तो वह उद्घोषणा जारी करके राज्य सरकार के कोई भी कृत्य तथा शक्तियाँ अपने हाथ में ले सकता है। अनु. 356 के अनुसार।

स्रोत-हमारा संविधान, सुभाष कश्यप, पृष्ठ सं०-241

71. भारत में 12 वीं लोकसभा के लिए निर्वाचन हुए हैं ?
(A) अप्रैल सन् 1996 में (B) जून, सन् 1996 में
(C) अप्रैल, सन् 1997 में (D) फरवरी, सन् 1998 में

उत्तर-(D)

व्याख्या-12वीं लोकसभा का चुनाव फरवरी सन् 1998 में

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

हुआ जिसमें NDA की पराजय हुई। [illegible]
के नेतृत्व में सरकार बनी।
स्रोत-समसामयिकी, प्रतियोगिता दर्पण।

72. राज्यसभा के चेयरमैन हैं-
(A) भारत के उपराष्ट्रपति
(B) उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश
(C) मुख्य चुनाव आयुक्त (D) भारत के प्रधानमंत्री
उत्तर-(A)
व्याख्या-भारतीय संविधान के अनुच्छेद 63 में कहा गया है कि भारत का एक उपराष्ट्रपति होगा। उपराष्ट्रपति राज्य सभा का पदेन सभापति होगा। यह अमेरिकी प्रथा का अनुसरण है। उपराष्ट्रपति संसद के किसी सदन या किसी राज्य विधानमंडल में किसी सदन का सदस्य नहीं होगा।
स्रोत-हमारा संविधान-सुभाष कश्यप, पृष्ठ सं०-158, 159

73. लोक सभा को कार्यकाल पूरा होने से पहले भंग किया जा सकता है-
(A) राष्ट्रपति द्वारा स्वविवेक से
(B) प्रधानमंत्री द्वारा स्वविवेक से
(C) लोकसभा अध्यक्ष द्वारा स्वविवेक से
(D) प्रधानमंत्री की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा
उत्तर-(D)
व्याख्या-लोक सभा अपने पहले सत्र के प्रारंभ होने की तारीख से 5 वर्ष के लिए निर्वाचित होती है किन्तु इस अवधि से पहले भी राष्ट्रपति द्वारा विघटित किया जा सकता है। अनु. 352 के समय या प्रधानमंत्री की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा लोकसभा को समय पूर्व भंग किया जा सकता है।
स्रोत-भारत का संविधान-एक परिचय, बी.के. शर्मा, पृष्ठ सं०-183,187

74. भारत में सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना हुई थी-
(A) सन् 1950 में संसद में एक अधिनियम द्वारा
(B) भारतीय स्वाधीनता अधिनियम सन् 1947 के अधीन
(C) भारत सरकार अधिनियम सन् 1935 के अधीन
(D) भारतीय संविधान के द्वारा उत्तर-(C)

75. कौन-सा राज्य सबसे अधिक प्रतिनिधि लोकसभा में भेजता है।
(A) बिहार (B) मध्य प्रदेश
(C) पश्चिम बंगाल (D) उत्तर प्रदेश उत्तर-(D)
व्याख्या-संविधान में लोक सभा के सदस्यों की अधिकतम संख्या 552 निश्चित की गयी है। जो जनता द्वारा प्रत्यक्ष रूप से चुनी जाती है। संविधान में उपबंध है कि राज्यों से 530 तथा केन्द्रशासित प्रदेशों से 20 से अधिक सदस्य नहीं होंगे इसके अलावा राष्ट्रपति 2 सदस्य आंग्ल भारतीय समुदाय से नामजद कर सकता है। वर्तमान में लोकसभा के 545 सदस्य है, जिसमें से सर्वाधिक उत्तर प्रदेश से 80 चुन कर आते हैं। उत्तर प्रदेश के बाद क्रमशः महाराष्ट्र (48 सदस्य), (40 सदस्य) का स्थान आता है।
स्रोत-हमारा संविधान, सुभाष कश्यप, पृष्ठ सं०-167

76. राज्यसभा के सदस्य चुने जाते हैं ?
(A) चार वर्ष के लिए (B) पाँच वर्ष के लिए
(C) छः वर्ष के लिए (D) आजीवन उत्तर-(C)
व्याख्या-भारतीय संविधान के अनुच्छेद 80 में राज्य सभा की चर्चा की गयी हैं। यह उच्च एवं स्थायी सदन है। इसका विघटन कभी नहीं होता। इसके सदस्य का कार्यकाल 6 वर्ष होता है। प्रत्येक दो वर्ष पर एक तिहाई सदस्य सेवानिवृत्त होते हैं।
स्रोत-हमारा संविधान-सुभाष कश्यप, पृष्ठ सं०-167

77. लोक सभा में कम से कम कितने सत्र बुलाए जाते हैं।
(A) वर्ष में एक बार (B) वर्ष में दो बार
(C) वर्ष में तीन बार (D) वर्ष में चार बार
उत्तर-(B)
व्याख्या-अनु. 85(1) के अधीन उल्लिखित है कि एक वर्ष में संसद के कम से कम दो अधिवेशन होंगे और सत्रावसान तथा नए सत्र के प्रारंभ की तारीख के बीच की अवधि छः माह से अधिक नहीं होगी। ऐसे प्रायः संसद में वर्ष में तीन सत्र होते हैं—बजट सत्र, वर्षा सत्र और शीत सत्र।
स्रोत-भारत का संविधान-एक परिचय, बी.के. शर्मा, पृष्ठ-186

78. आमतौर पर भारत के प्रधानमंत्री होते हैं-
(A) संसद के सदस्य नहीं (B) लोकसभा के सदस्य
(C) राज्यसभा के सदस्य (D) दोनों सदनों के सदस्य
उत्तर-(B)
व्याख्या-प्रधानमंत्री आमतौर पर लोक सभा का सदस्य होता है। परन्तु मंत्री संसद में दोनों सदनों के लिए होते हैं, किसी ऐसे व्यक्ति को भी मंत्री नियुक्त किया जा सकता है, जो संसद के किसी भी सदन का सदस्य न हो, परन्तु उसे छः माह के पश्चात पद छोड़ना पड़ता है यदि इस बीच दोनों में से किसी सदन के लिए निर्वाचित न हो जाए। यानी प्रधानमंत्री या मंत्री बनने के लिए दोनों सदन में से किसी एक का सदस्य निर्वाचित होना अनिवार्य होता है।
स्रोत-हमारी संसद, सुभाष कश्यप, पृष्ठ सं०-23

79. भारतीय संविधान ने केन्द्रीय सरकार की अधिशासी शक्तियों को किसमें निहित किया है ?
(A) भारत के राष्ट्रपति (B) भारत के प्रधानमंत्री
(C) केन्द्रीय मंत्रिमण्डल (D) उपरोक्त में से सभी
उत्तर-(A)
व्याख्या-अनुच्छेद 52 में कहा गया है कि भारत में एक राष्ट्रपति होगा तथा संघ की कार्यपालिका शक्ति राष्ट्रपति में निहित होगी। भारत में संसदीय प्रणाली अपनायी गयी है। इसलिए राष्ट्रपति सांविधानिक अध्यक्ष है। वास्तविक कार्यपालिका शक्ति मंत्रिमंडल में निहित है। प्रधानमंत्री

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

अध्यक्ष है।

स्रोत-भारत का संविधान-एक परिचय-बी.के. शर्मा, पृष्ठ सं॰-153,156

80. निम्नलिखित में से कौन-सा मूलभूत अधिकार नहीं है ?

(A) संवैधानिक प्रतिकार का अधिकार
(B) सम्पत्ति का अधिकार
(C) शान्तिपूर्वक एकत्र होने का अधिकार
(D) देशभर में आजादी के साथ आने-जाने का अधिकार

उत्तर-(B)

व्याख्या-44वें संशोधन द्वारा अनु. 19(1) (च) और 31 का निरसन किया गया तथा एक नया अनु. 300क अंत: स्थापित किया गया। अब संपत्ति का अधिकार मूल अधिकार नहीं बल्कि विधिक अधिकार है।

स्रोत-भारत का संविधान, एक परिचय, बी. के. शर्मा, पृष्ठ सं॰-325

81. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में भारत को किस रूप में घोषित किया गया है ?

(A) एक सार्वभौम प्रजातान्त्रिक गणतन्त्र
(B) एक समाजवादी प्रजातान्त्रिक गणतन्त्र
(C) एक सार्वभौम समाजवादी धर्मनिरपेक्ष प्रजातान्त्रिक गणतन्त्र
(D) इनमें से कोई नहीं **उत्तर-(C)**

82. भारतीय संविधान में है-

(A) 300 अनुच्छेद (B) 350 अनुच्छेद
(C) 400 से अधिक अनुच्छेद
(D) 500 अनुच्छेद **उत्तर-(C)**

व्याख्या-संविधान सभा द्वारा 26 नवंबर, 1949 को अंगीकार किया गया था। यह 26 जनवरी 1950 से पूर्णरूपेण लागू हो गया। मूल संविधान में 22 भाग, 395 अनुच्छेद और 8 अनुसूचियाँ थीं। लेकिन वर्तमान समय में अनुच्छेद की संख्या 445 भाग 22 एवं अनुसूचियाँ की संख्या 12 हो गयी है।

स्रोत-हमारा संविधान-सुभाष कश्यप पृष्ठ सं॰-3

83. लोकसभा का पहला आम चुनाव कब हुआ था ?

(A) सन् 1949 में (B) सन् 1952 में
(C) सन् 1950 में (D) सन् 1954 में **उत्तर-(B)**

व्याख्या-स्वतंत्र भारत का पहला आम चुनाव सन् 1952 में हुआ था जिसका कार्यकाल-1952-1957 तक रहा था। लोक सभा के प्रथम अध्यक्ष-गणेश वासुदेव मावलंकर एवं उपाध्यक्ष अनंतशयनम अय्यर थे।

स्रोत-हमारी संसद, सुभाष कश्यप, पृष्ठ सं॰-80, 89, 91, मनोरमा इयर बुक-2013

84. दिल्ली है-

(A) एक राज्य (B) एक केन्द्रशासित प्रदेश
(C) एक स्वायत्तशासी परिषद

व्याख्या-भारत को मुख्यतः दो प्रकार की इकाईयों में बाटा गया है—राज्य और संघ राज्यक्षेत्र। संघ राज्यक्षेत्र सात है—दिल्ली, अंडमान और निकोबार द्वीप, लक्षद्वीप, दादरा और नागर हवेली, दमन और दीव, पांडिचेरी, चंडीगढ़; जिसमें दिल्ली एवं पुडुचेरी में अपनी विधान सभा है, जबकि दूसरे केन्द्रशासित प्रदेशों में नहीं है।

स्रोत-भारत का संविधान-एक परिचय, बी.के. शर्मा, पृष्ठ-57 हमारा संविधान, सुभाष कश्यप, पृष्ठ सं॰-219

85. इजरायल देश का निर्माण किया गया था।

(A) बौद्धों के लिए (B) क्रिश्चियनों के लिए
(C) ज्यूजों के लिए (D) मुसलमानों के लिए

उत्तर-(C)

व्याख्या-इजरायल मध्य-पूर्व (पश्चिम एशिया) में स्थित है और यह दोनों ओर से अरब राज्यों से घिरा हुआ है। 29 नवम्बर, 1947 को संयुक्त राष्ट्र संघ ने फिलिस्तीन का विभाजन करके एक भाग ज्यूजो (यहूदियों) को और एक भाग अरबों को दे दिया। 13 मई 1948 को यहूदियों ने अपने भाग को इजरायल नाम से स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया।

86. सलमान रुश्दी के विरूद्ध किसने मृत्यु का फतवा जारी किया था।

(A) अयातुल्लाह खुमैनी (B) रफसंजानी
(C) गुलबुद्दीन हिकमतयार (D) नजीबुल्लाह **उत्तर-(A)**

व्याख्या-प्रसिद्ध ब्रिटिश लेखक सलमान रुश्दी ने अपनी पुस्तक 'सैटनिक बर्सेज' में इस्लाम धर्म की बुराई की है। इसी कारण ईरान के धार्मिक नेता अयातुल्लाह खुमैनी ने सलमान रुश्दी के खिलाफ मृत्यु का फतवा जारी किया था।

87. मदर टेरेसा की जन्मभूमि थी-

(A) अल्बानिया (B) फ्रांस
(C) ग्रीस (D) इटली **उत्तर-(A)**

व्याख्या-भारत की नागरिकता प्राप्त विश्व प्रसिद्ध महिला जिनका जन्म अल्बानिया में हुआ था, उनका नाम मदर टेरेसा है। 1946 ई. से ये भारत में रही तथा दीन दुखियों के सहायता के लिए इनको भारत सरकार द्वारा 1962 ई. में पद्मश्री पुरस्कार एवं 1980 में भारत रत्न पुरस्कार भी मिला था। 3 सितम्बर 1997 ई. को इसका देहान्त हो गया। इन्हें शांति का नोबेल पुरस्कार भी मिल चुका है।

88. कौन-सा देश दक्षिण एशिया क्षेत्रीय सहयोग संगठन का सदस्य नहीं है ?

(A) अफगानिस्तान (B) बांग्लादेश
(C) नेपाल (D) पाकिस्तान **उत्तर-(A)**

व्याख्या-13वें सार्क शिखर सम्मेलन 2008 (ढाका) के पूर्व इस क्षेत्रीय सहयोग संगठन के 7 सदस्य देश (भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, श्रीलंका एवं मालदीव) थे। किन्तु 13वें शिखर सम्मेलन में अफगानिस्तान को

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

आठ हो गई है।
स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था, प्रतियोगिता दर्पण का अतिरिक्तांक।

89. उन दो प्रमुख राजनीतिक दलों के नाम बताइए जिसका रूस की सन् 1917 की क्रान्ति में महत्वपूर्ण योगदान रहा।
(A) कांग्रेस और जनता दल पार्टियाँ
(B) कन्जरवेटिव और लेबर पार्टियाँ
(C) डेमोक्रेटिक और रिपब्लिक पार्टियाँ
(D) बोलशेविक और मैन्शेविक पार्टियाँ **उत्तर-(D)**

90. 'वीमेन्स डे' (नारी दिवस) किस दिन मनाया जाता है-
(A) 8 मार्च (B) 14 फरवरी
(C) 1 मई (D) 2 अक्टूबर **उत्तर-(A)**
व्याख्या-8 मार्च को प्रतिवर्ष अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है।
14 फरवरी — वेलेंटाइन दिवस
1 मई — विश्व श्रमिक दिवस
2 अक्टूबर — महात्मा गाँधी जयन्ती
स्रोत-यूनिक सामान्य अध्ययन।

91. गीत सेठी कौन-से खेल में पारंगत है ?
(A) बास्केटबॉल (B) चैस
(C) बिलियर्ड्स (D) टेनिस **उत्तर-(C)**
व्याख्या-गीत सेठी बिल्यिर्ड्स खेल के ख्याति प्राप्त खिलाड़ी है। वे भारत के प्रथम वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 1985 में विश्व बिलियर्डस चैम्पियनशीप जीती। पहले प्रयास में इस खिताब को जीतने वाले वे विश्व के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने।
स्रोत-समसमायिकी

92. 'स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी' बना हुआ है-
(A) फ्रांस में (B) स्पेन में
(C) इंग्लैण्ड में
(D) संयुक्त राज्य अमेरिका में **उत्तर-(D)**
व्याख्या-'स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी' संयुक्त राज्य अमेरिका के न्यूयार्क शहर में अवस्थित है। स्वतन्त्रता प्राप्ति (1776 ई.) के समय फ्रांस ने इसे संयुक्त राज्य अमेरिका में स्वतन्त्रता के संकेत के रूप में स्थापित करवाया था।

93. अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय स्थित है।
(A) जेनेवा में (B) हेग में
(C) लन्दन में (D) पेरिस में **उत्तर-(B)**
व्याख्या-अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय की स्थापना न्यायालय संविधि एवं अन्तर्राष्ट्रीय समझौते के अन्तर्गत की गई थी। यह कानून संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र का एक अभिन्न अंग है। संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य तथ्यत: न्यायालय संविधि के हिस्सेदार है। न्यायालय के 15 न्यायधीश हैं। यह न्यायालय नीदरलैण्ड की राजधानी हेग में स्थित है। यदि अन्यत्र कहीं भी उचित लगे तो वहाँ भी न्यायालय की बैठक हो सकती है।

94. ब्रिटिश काल में बिहार की अर्थव्यवस्था मुख्यत: निर्भर थी-
(A) कृषि पर (B) वनों पर
(C) खानों पर (D) उद्योगों पर **उत्तर-(B)**

95. भारत में निम्नलिखित के उत्पादन में बिहार अग्रणीय है-
(A) चूना पत्थर (B) कोयला
(C) पाइराइट (D) ग्रेफाइट **उत्तर-(C)**

96. आजादी के बाद बिहार में सिंचित क्षेत्र बढ़ा है, लगभग-
(A) दो गुना (B) चार गुना
(C) पाँच गुना (D) दस गुना **उत्तर-(B)**

97. बिहार में उत्पादन की दृष्टि से चावल के बाद दूसरी मुख्य फसल है-
(A) गेहूँ (B) मक्का
(C) चना (D) आलू **उत्तर-(A)**

98. स्टील को कठोरता प्रदान करने के लिए बढ़ाई जाती है-
(A) कार्बन की मात्रा (B) मैंगनीज की मात्रा
(C) सिलिकॉन की मात्रा (D) क्रोमियम की मात्रा
उत्तर-(A)
व्याख्या-लोहा सर्वाधिक उपयोग में आने वाली धातु है, लेकिन शुद्ध रूप में इसका उपयोग कभी नहीं किया जा सकता है। अगर इसमें लगभग 0.5% कार्बन मिश्रित कर दिया जाय तो यह अत्यंत कठोर एवं शक्तिशाली हो जाता है। जब आयरन में निकिल एवं क्रोमियम मिश्रित करते है तो यह जंगरोधी एवं अत्यंत कठोर हो जाता है।
स्रोत-NCERT, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कक्षा-X, पृष्ठ सं॰-212

99. घरेलू एल.पी.जी. सिलेण्डरों में दाब मापक नहीं प्रदान किए जाते हैं, क्योंकि-
(A) ये बहुत महँगे होते हैं।
(B) ये एल.पी.जी. सिलेण्डरों में गैस की मात्रा को प्रदर्शित नहीं कर सकते।
(C) इनका प्रयोग निरापद नहीं है।
(D) ये एल.पी.जी. द्वारा चोक हो जाते हैं। **उत्तर-(D)**
व्याख्या-घरेलू LPG सिलेण्डरों में दाब मापक नहीं प्रदान किये जाते हैं क्योंकि ये LPG द्वारा चोक हो जाते हैं। LPG में मुख्य घटक ब्यूटेन, इसके बाद एथेन एवं प्रोपेन का मिश्रण होता है। उच्च दाब पर ब्यूटेन सरलता से द्रवित हो जाती है। अत: पेट्रोलियम गैस के द्रव रूप को सिलेण्डर में एकत्रित किया जाता है। यह अत्यन्त ज्वलनशील होती है। अत: इससे होने वाली दुर्घटना से बचने के लिए इसमें सल्फर के यौगिक यानी इथाइल मरकेप्टन को मिलाया जाता है ताकि गन्ध से पहचान लिया जाए।
स्रोत-NCERT, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कक्षा-X, पृष्ठ सं॰-119

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

(A) रंगीन पदार्थों को रंगहीन पदार्थों से अलग करने में
(B) पदार्थों की संरचना निर्धारण में
(C) रंगीन पदार्थों के प्रभाजी आसवन में
(D) एक मिश्रण से पदार्थों को अलग करने में

उत्तर-(C)

व्याख्या-सर्वप्रथम इस तकनीक का उपयोग एक प्राकृतिक रंग के रंगीन अवयवों को पृथक करने में किया गया था। ग्रीक भाषा में क्रोमा का अर्थ रंग होता है। इसलिए इस तकनीक का नाम क्रोमैटोग्राफी पड़ा। इस तकनीक की सहायता से स्याही के अवयव पृथक किए जा सकते हैं। दो या अधिक रंगों को एक उपयुक्त विलायक में घुलाकर स्याही तैयार की जाती है।

स्रोत-हाई स्कूल रसायनशास्त्र-I, भारती भवन, पृष्ठ सं०-29

101. निम्नलिखित में कौन-सा अम्ल सिरके में उपस्थित है-

(A) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल (B) साइट्रिक अम्ल
(C) ऑक्जेलिक अम्ल (D) एसीटिक अम्ल

उत्तर-(D)

व्याख्या-सिरका में 6–8% ऐसीटिक अम्ल पाया जाता है यह भी स्वाद में खट्टा होता है। इसका उपयोग अचार बनाने में किया जाता है।

स्रोत-हाई स्कूल रसायनशास्त्र-2, भारती भवन, पृष्ठ सं०-22

102. प्लास्टर ऑफ पेरिस का सूत्र है-

(A) $CaSO_4$ (B) $(CaSO_4)_2H_2O$
(C) $CaSO_4H_2O$ (D) $CaSO_42H_2O$

उत्तर-(B)

व्याख्या-प्लास्टर ऑफ पेरिस का सूत्र- $(CaSO_4)_2 \cdot H_2O$ या $CaSO_4 \cdot \frac{1}{2}H_2O$ (कैल्सियम हेमिहाइड्रेट)। जिप्सम को तीव्रता से गर्म करने पर यह पूर्ण रूप से निर्जलीय होकर कैल्सियम सल्फेट बनाता है। इसका उपयोग मूर्ति बनाने एवं शल्य चिकित्सा में टूटी हुई हड्डी जोड़ने में किया जाता है।

स्रोत-हाई स्कूल रसायनशास्त्र-2, भारती भवन, पृष्ठ-31

103. निम्नलिखित में किसमें कार्बन नहीं है ?

(A) हीरा (B) ग्रेफाइट
(C) कोयला (D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(D)

व्याख्या-हीरा, ग्रेफाइट तथा कोयला ये सभी कार्बन के अपरूप है।

स्रोत-NCERT, विज्ञान, कक्षा-X

104. सूर्य पर ऊर्जा का निर्माण होता है-

(A) नाभिकीय विखण्डन द्वारा
(B) नाभिकीय संलयन द्वारा
(C) ऑक्सीकरण अभिक्रिया द्वारा
(D) अवकरण अभिक्रियाओं द्वारा

उत्तर-(B)

व्याख्या-सूर्य के केन्द्रीय भाग में निरंतर नाभिकीय संलयन की क्रिया से ऊर्जा मुक्त होती रहती है।

स्रोत-NCERT, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कक्षा-X, पृष्ठ सं०-102

105. विटामिन 'C' का रासायनिक नाम है-

(A) एस्कार्बिक अम्ल (B) थायमीन
(C) साइट्रिक अम्ल (D) टाइट्रिक अम्ल उत्तर-(A)

व्याख्या-विटामिन-C का रासायनिक नाम एस्कार्बिक अम्ल है। यह जल में घुलनशील होता है।

स्रोत-हाई स्कूल रसायनशास्त्र-2, भारती भवन, पृष्ठ सं०-22

106. निम्नलिखित में से किस खनिज द्वारा लोहा प्राप्त किया जाता है।

(A) चूने का पत्थर (B) पिच ब्लैण्ड
(C) मोनाजाइट रेत (D) हेमेटाइट उत्तर-(D)

व्याख्या-हेमाटाइट आयरन का प्रमुख अयस्क है, जिससे आयरन का निष्कर्षण करते हैं। यह भू-पर्पटी में प्रचुर मात्रा में पायी जाने वाली दूसरी धातु है। प्रकृति में धात्विक अवस्था में नहीं पाया जाता है। यह ऑक्साइड, कार्बोनेट एवं सल्फाइड अयस्क के रूप में पाये जाते हैं।

स्रोत-NCERT, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कक्षा-X, पृष्ठ सं०-209

107. एक कार बैट्री में प्रयुक्त विद्युत अपघट्य होता है-

(A) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल (B) सल्फ्यूरिक अम्ल
(C) नाइट्रिक अम्ल (D) आसुत जल उत्तर-(B)

व्याख्या-कार बैट्री में विद्युत अपघटक के रूप में सल्फ्यूरिक अम्ल (H_2SO_4) का प्रयोग किया जाता है।

स्रोत-NCERT विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कक्षा-X

108. शुष्क बर्फ है-

(A) ठोस पानी
(B) ठोस कार्बन-डाइऑक्साइड
(C) निर्जल बर्फ (D) ठोस हाइड्रोजन परॉक्साइड

उत्तर-(B)

व्याख्या-शुष्क बर्फ, ठोस कार्बन डाइऑक्साइड होता है। CO_2 को जब उच्च दाब पर संपीडित करके ठण्डा किया जाता है तो कार्बन डाइऑक्साइड द्रव में संघनित हो जाता है दाब बढ़ने पर द्रव CO_2 धीरे-धीरे ठोस में परिणत हो जाता है। जिसे शुष्क बर्फ कहते हैं। इसका उपयोग रेफ्रिजरेशन में होता है।

स्रोत-NCERT, कक्षा-9, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी।

109. प्रकाश विकिरणों की प्रकृति होती है-

(A) तरंग के समान
(B) कण के समान
(C) तरंग एवं कण दोनों के समान
(D) तरंग एवं कण, किसी के समान नहीं। उत्तर-(C)

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

तरंग होती है। अतः प्रकाश विकिरण तरंग एवं कण दोनों के समान होता है। तरंगों की चाल माध्यम पर निर्भर करती है। निर्वात अथवा मुक्त आकाश में तरंग अत्यधिक तीव्र चाल 3×10^8 m/s से गमन करती है।

स्रोत-NCERT, कक्षा-10, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृष्ठ संख्या-31

110. सूर्य के प्रकाश का धरती की सतह पर पहुँचने में लगने वाला समय है-लगभग

(A) 4.2 सेकेण्ड
(B) 4.8 सेकेण्ड
(C) 8.5 मिनट
(D) 3.6 घंटे

उत्तर-(C)

व्याख्या-सूर्य का प्रकाश धरती पर आने में 8.5 मिनट या 530 सेकेण्ड लगते हैं।

111. ध्वनि का वायु में वेग अनुमानतः है-

(A) 10 किमी०/सेकेण्ड
(B) 330 मी०/से०
(C) 10 मील/मिनट
(D) 3×10^{10} सेमी०/से०

उत्तर-(B)

व्याख्या-ध्वनि का वेग अलग-अलग माध्यमों में अलग-अलग होता है। सबसे अधिक ध्वनि का वेग ठोस में, उसके बाद द्रव में और सबसे कम गैस में होता है। वायु में ध्वनि का वेग 332 मी०/से० (20^0 पर 344) होता है।

स्रोत-NCERT कक्षा-9 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृष्ठ सं०-167

112. पानी का घनत्व अधिकतम होता है-

(A) 100^0C (B) 4^0C
(C) 0^0C (D) -4^0C

उत्तर-(B)

व्याख्या-पानी का आयतन 4^0C पर न्यूनतम तथा घनत्व अधिकतम होता है।

113. सर सी. वी. रमन को भौतिकी का नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ था-

(A) सन 1928 (B) सन 1930
(C) सन 1932 (D) सन 1950

उत्तर-(B)

व्याख्या-डाइनामाइट के आविष्कारक अल्फ्रेड नोबल की स्मृति में स्वीडन सरकार द्वारा 6 क्षेत्रों में नोबेल पुरस्कार प्रदान किया जाता है। ये क्षेत्र-चिकित्सा, साहित्य, भौतिकी, रसायन, शांति, अर्थशास्त्र। सन 1930 में सी. वी. रमन को यह पुरस्कार "रमन प्रभाव" (भौतिकी) के लिए मिला था।

स्रोत-इंडिया ईयर बुक, 2013

(A) 10^{-6} ग्राम (B) 10^{-9} ग्राम
(C) 10^{-12} ग्राम (D) 10^{-15} ग्राम

उत्तर-(C)

व्याख्या-10^{-12} को पीकोग्राम, 10^{-15} को फैक्टोग्राम, 10^{-9} को नैनोग्राम तथा 10^{-6} को माइक्रोग्राम कहते है।

स्रोत-NCERT, कक्षा-9 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृष्ठ सं०-8

115. 70 एवं 100 के बीच कितनी यमज (अभाज्य-जुड़वाँ) संख्याएँ हैं ?

(A) 1 (B) 0
(C) 2 (D) 3 उत्तर-(D)

व्याख्या-अभीष्ट यमज (अभाज्य-जुड़वाँ) संख्याएँ 70 और 100 के बीच 3 है, जो निम्नलिखित हैं-

(i) (73, 93)
(ii) (79, 89)
(iii) (87, 97)

116. यदि किसी त्रिभुज की भुजाएँ 11 मीटर, 60 मीटर एवं 61 मीटर हो तो निम्न में से सबसे लम्बी भुजा के सापेक्ष त्रिभुज की ऊँचाई चुनिए-

(A) 10 मीटर (B) 9 मीटर
(C) 10.8 मीटर (D) 9.8 मीटर उत्तर-(C)

व्याख्या : चूँकि $11^2 + 60^2 = 61^2$

अतः त्रिभुज समकोण है।



अब, $\frac{1}{2} \times 11 \times 60 = \frac{1}{2} \times 61 \times h$

$\therefore \quad h = 10.81$ मी०

117. दो धनात्मक संख्याओं का अन्तर 72 है तथा एक के द्वारा दूसरे को भाग देने पर भागफल 4 है। संख्याएँ चुनिए-

(A) 40, 112 (B) 24, 96
(C) 32, 128 (D) 30, 102 उत्तर-(B)

व्याख्या-माना कि अभीष्ट संख्याएँ x, y है।

$\therefore$ प्रश्नानुसार, $x - y = 72$ ... (i)

एवं $\frac{x}{y} = 4$

$\therefore \quad x = 4y$ ... (ii)

समीकरण (i) में x का मान समीकरण (ii) में रखने पर,

$x - y = 72$

या $4y - y = 72$

$\therefore \quad 3y = 72$

$\therefore \quad y = \frac{72}{3} = 24$

$\therefore \quad x = 4y$

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

∴ अभीष्ट संख्याएँ $x = 96$ और $y = 24$

118. एक ठोस ताँबे के गोले का व्यास 6 सेमी. है, उसे कूट कर एक तार जिसका व्यास 0.2 सेमी. है, के रूप में ढाला गया है, तार की लम्बाई है-

(A) 36 मी. (B) 360 मी.
(C) 24 मी. (D) 360 मी. **उत्तर-(A)**

व्याख्या-प्रश्नानुसार, 6 सेमी. व्यास वाले गोले को कूटकर एक तार जिसका व्यास 0.2 सेमी. है, के रूप में ढाला जाता है।

अत: माना कि तार (बेलनाकार) की लम्बाई 'l' सेमी. होगी।

∴ गोले का आयतन = तार (बेलन) का आयतन

या, $\frac{4}{3}\pi r^3 = \pi r^2 l$

या $\frac{4}{3}\pi \times 3^3 = \pi(0.1)^2$

[∵ गोले की त्रिज्या = 3 सेमी., तार की त्रिज्या = 0.1 सेमी.]

या, $\frac{4}{3} \times 27 = 0.01 \times l$

$\therefore \quad l = \frac{27 \times 4}{3 \times 0.01} = \frac{36}{0.01} = 3600 = 36$ मी.

119. प्रथम दस अभाज्य संख्याओं का औसत निम्न में से चुनें-

(A) 12, 7 (B) 13
(C) 12.9 (D) 128 **उत्तर-(C)**

व्याख्या-प्रश्नानुसार, प्रथम दस अभाज्य संख्याएँ-

2, 3, 5, 7, 11, 13, 17, 19, 23, 29 का औसत

$$= \frac{2+3+5+7+11+13+17+19+23+29}{10}$$

$$= \frac{129}{10} = 12.9$$

120. एक व्यक्ति 10 रुपये में 11 पुस्तकें खरीदता है एवं 11 रुपये में 10 पुस्तकें बेचता है। उसका लाभ निम्न में से चुनें-

(A) 12 (B) 12.5
(C) 21.5 (D) 21 **उत्तर-(D)**

व्याख्या- क्रय मूल्य $= \frac{10}{11}$ रु. प्रति पुस्तक

विक्रय मूल्य $= \frac{11}{10}$ रु. प्रति पुस्तक

∴ लाभ $= \frac{11}{10} - \frac{10}{11} = \frac{121-100}{110} = \frac{21}{110}$

$\therefore \quad \frac{10}{11}$ रु. क्रय मूल्य है तो लाभ $= \frac{21}{110}$

∴ 100 रु॰ क्रय मूल्य होगा तो लाभ

$$= \frac{21}{110} \times \frac{11}{10} \times 100 = 21\%$$

Trick : $? = \frac{11^2 - 10^2}{10^2} \times 100$

$$= \frac{121 - 100}{100} \times 100$$

$= 21\ \%$

121. 5 मील एवं 8 किमी. के अन्तर को गज की नाप में चुनें-

(A) 51.1 (B) 51
(C) 52.2 (D) 52 **उत्तर-(A)**

व्याख्या-5 मील $= 5 \times 1760 = 8800$ गज

8 किमी॰ $= \frac{8 \times 1000 \times 100}{36 \times 2.54} = \frac{800000}{91.44}$

$= 8748.9063$ गज

अन्तर $= 8800 - 8748.9063 = 51.0937$

या, 51.1 गज लगभग

122. यदि $x^3 - a^2x + x + 2$ का एक गुणनखण्ड $(x - a)$ हो तो a का मान चुनें-

(A) 1 (B) 2
(C) –2 (D) –1 **उत्तर-(C)**

व्याख्या-प्रश्नानुसार,

$x^3 - a^2x + x + 2$ ...(i)

एक गुणनखण्ड $(x - a)$ है।

अत: $x = a$ हो जाएगा। x का मान समीकरण (i) में रखने पर-

$= a^3 - a^2 \times a + a + 2 = a^3 - a^3 + a + 2 = a + 2$

$\therefore \quad a = -2$

123. यदि A एवं B दो समुच्चय ऐसे हों कि $A \cup B$ में 18, A में 8 एवं B में 15 सदस्य रहें तो $A \cap B$ के सदस्यों की संख्या चुने-

(A) 0 (B) 5
(C) 23 (D) 26 **उत्तर-(B)**

व्याख्या-$A \cup B = A + B - A \cap B$

या, $18 = 8 + 15 - A \cap B$

या, $A \cap B = 23 - 18 = 5$

या, $A \cap B = 5$

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

संख्या होगी-

(A) 90 (B) 103
(C) 109 (D) 125 उत्तर-(D)

व्याख्या- $1 \xrightarrow{+4} 5 \xrightarrow{+8} 13 \xrightarrow{+16} 29 \xrightarrow{+32} 61$

∴ अभीष्ट संख्या = 61 + 64 = 125

125. संयुक्त राष्ट्र संघ के सेक्रेट्री जनरल कौन है-

(A) बुतरस बुतरस घाली (B) कोफी अन्नान
(C) पेरेज द कुइयार (D) थू॰ थाण्ट

उत्तर-(B)

व्याख्या-1999 में संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव कोफी अन्नान थे जो घाना (अफ्रीका देश) के रहने वाले हैं।

126. पार्लियामेन्ट में 1997 ई॰ में प्रसार भारती बिल प्रस्तुत किया-

(A) जयपाल रेड्डी ने
(B) सुषमा स्वराज ने
(C) संतोष मोहन देव ने
(D) एल. के. आडवाणी ने

उत्तर-(A)

127. अमेरिका की सेक्रेट्री ऑफ स्टेट कौन है?

(A) हिलेरी रॉडम क्लिन्टन (B) मेडलीन अल्ब्राइट
(C) रोबिन कुक (D) तारिक अल्ताफ

उत्तर-(B)

128. 20 वीं शताब्दी का आखिरी कुम्भ मेला कहाँ मनाया गया?

(A) इलाहाबाद (B) आयोध्या
(C) हरिद्वार (D) वाराणसी

उत्तर-(A)

129. कौन-से दो राज्य चन्दन तस्कर वीरप्पन से आत्मसमर्पण के लिए वार्तालाप कर रहे थे?

(A) आन्ध्र प्रदेश और केरल
(B) कर्नाटक और तमिलनाडु
(C) गुजरात और महाराष्ट्र
(D) बिहार एवं बंगाल

उत्तर-(B)

130. सन् 1998 ई॰ में बेहतरीन फिल्म के लिए ऑस्कर अवार्ड मिला।

(A) फ्युजीटिव को (B) जुरासिक पार्क को
(C) स्टार वार सागा को (D) टाईटैनिक को

उत्तर-(D)

व्याख्या-आस्कर पुरस्कार नेशनल अकादमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एण्ड साइंसेज (संयुक्त राज्य अमेरिका) द्वारा 1929 ई॰ से दिया जाता है। यह पुरस्कार प्रतिवर्ष मुख्यत: अंग्रेजी भाषा में प्रदर्शित फिल्मों की प्रत्येक विधा में उत्कृष्टता के लिए दिया जाता है।

131. चिपको आन्दोलन का प्रारम्भ किस उद्देश्य से किया गया था? वर्तमान में इस आन्दोलन के प्रणेता किस काम के लिए जाने जाते हैं?

(A) चिपको आन्दोलन (B) नर्मदा बचाओ
(C) सत्याग्रह (D) भ्रष्टाचार विरोधी

उत्तर-(A)

व्याख्या-सुन्दर लाल बहुगुणा ने चिपको आन्दोलन का प्रारम्भ जंगलों की अन्धाधुन्ध कटाई रोकने के लिए किया था। वर्तमान में बहुगुणा पर्यावरण बचाओ आन्दोलन में सक्रिय हैं।

स्रोत-मनोरमा ईयर बुक, 1998

132. खमेर रूज कहाँ का तानाशाही दल है-

(A) कम्बोडिया (B) इण्डोनेशिया
(C) मलेशिया (D) थाईलैण्ड उत्तर-(A)

133. मद्रास का नया नाम है?

(A) मदुरई (B) बंगलूरू
(C) तिरूवनंतपुरम (D) चेन्नई

उत्तर-(D)

134. अटल बिहारी वाजपेयी सरकार द्वारा किसे बिहार का गवर्नर नियुक्त किया गया है?

(A) सुन्दरलाल भण्डारी (B) सुन्दर लाल पटनायक
(C) स्वराज कौशल (D) प्रमोद महाजन

उत्तर-(A)

व्याख्या-तत्कालीन समय (प्रश्न पूछने का समय) बिहार के राज्यपाल सुन्दर लाल भण्डारी थे।

135. सन् 1998 ई॰ में किस देश ने शारजाह कप जीता।

(A) आस्ट्रेलिया (B) भारत
(C) न्यूजीलैण्ड (D) पाकिस्तान

उत्तर-(B)

136. इंग्लैण्ड के प्रधानमंत्री कौन हैं-

(A) बिल क्लिन्टन (B) जॉर्ज एफ कैनेडी
(C) बेन्जामिन नेतन्थाहू (D) टोनीब्लेयर

उत्तर-(D)

137. दक्षिण अफ्रीका में किसने रंगभेद नीति के विरुद्ध लम्बा संघर्ष किया?

(A) कैनेथ कोण्डा (B) ईदी अमीन
(C) यासर अराफात (D) नेल्सन मण्डेला

उत्तर-(D)

व्याख्या-दक्षिण अफ्रीका में रंग-भेद नीति के विरुद्ध नेल्सन मण्डेला ने संघर्ष किया। वे 27 वर्षों तक बन्दी रहने के बाद 1989 ई॰ में जेल से रिहा किये गये। वे दक्षिण अफ्रीका के प्रथम अश्वेत राष्ट्रपति बने। 1990 ई॰ में उन्हें भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

138. 'अग्नि' नाम जुड़ा हुआ है-

(A) आग से लड़ने वाली मशीन से
(B) युद्ध टैंक से

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

(C) हवाई जहाज से
(D) भारत द्वारा तैयार की गई मिसाइल से

उत्तर-(D)

व्याख्या-अग्नि इन्टरमीडिएट रेन्ज की बैलास्टिक मिसाइल है। यह जमीन से जमीन पर मार करने वाला प्रक्षेपास्त्र है। इसकी मारक क्षमता 2500 किमी॰ है। यह पारम्परिक और आण्विक दोनों किस्म के हथियारों का प्रयोग कर सकता है। इसमें प्रथम चरण में ठोस ईंधन और दूसरे चरण में तरल ईंधन का प्रयोग होता है।

139. सद्दाम हुसैन राष्ट्रपति हैं-

(A) इराक के (B) ईरान के
(C) कुवैत के (D) सऊदी अरब के

उत्तर-(A)

व्याख्या-सद्दाम हुसैन इराक के राष्ट्रपति थे। लेकिन 1 मई 2003 को अमेरिका इराक युद्ध विराम की घोषणा होने के बाद अमेरिका ने इराक के अपदस्थ राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन की जगह वाल ब्रेमर को इराक का नया प्रशासक बनाया है।

140. बंगाल बिहार से अलग हुआ ?

(A) 1910 (B) 1912
(C) 1921 (D) 1947 उत्तर-(B)

141. भारत में बिहार अग्रणी उत्पादक है-

(A) शीशों का (B) मैंगनीज का
(C) अभ्रक का (D) चूना पत्थर काउत्तर-(C)

व्याख्या-वर्तमान में आन्ध्र प्रदेश अभ्रक उत्पादन में अग्रणी है।

142. बिहार में मैथन उत्पादन करता है-

(A) ताप-शक्ति (B) जल-शक्ति
(C) अणु-शक्ति (D) सौर-शक्ति उत्तर-(B)

143. मुरी जाना जाता है-

(A) बॉक्साइड के खनन हेतु
(B) एल्युमिनियम प्लांट हेतु
(C) अलकोहॉल प्लाण्ट हेतु (D) स्पंज-लौह प्लांट हेतु

उत्तर-(B)

व्याख्या-प. बंगाल और झारखण्ड की सीमा पर स्थित मुरी के प्लांट में बॉक्साइड से एल्युमिनियम तैयार किया जाता है।

144. बिहार में भारी मशीन निर्माण प्लाण्ट स्थित है-

(A) जमशेदपुर में (B) बोकारो में
(C) बरौनी में (D) राँची में उत्तर-(D)

व्याख्या-वर्तमान में झारखण्ड की राजधानी राँची के हटिया क्षेत्र में भारी मशीन का कारखाना स्थित है।

145. बिहार के कुल भौगोलिक क्षेत्र का वनाच्छादित प्रतिशत है-

(A) 17% (B) 23%
(C) 27% (D) 33% उत्तर-(B)

146. बिहार में दामोदर प्रवाहित होती है-

(A) एक कार्स्ट प्रदेश में (B) एक भ्रंश घाटी में
(C) एक कछारी क्षेत्र में (D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(B)

147. बिहार की सुमेश्वर श्रेणी है-

(A) पारसनाथ पहाड़ी से पुरानी
(B) राजमहल की पहाड़ी से पुरानी
(C) खड़गपुर पहाड़ी से पुरानी
(D) इन सभी से नयी

उत्तर-(D)

व्याख्या-सोमेश्वर श्रेणी बिहार के चंपारण जिले में स्थित नवीन वलित पर्वत श्रेणी का उदाहरण है।

148. बिहार में लोकसभा की सीटों की कुल संख्या है-

(A) 48 (B) 50
(C) 52 (D) 54

उत्तर-(D)

व्याख्या-तत्कालीन बिहार में लोकसभा की सीटों की कुल संख्या 54 थी लेकिन विभाजन के पश्चात यह संख्या अब 40 है।

149. दूध उदाहरण है, एक-

(A) विलयन का (B) कोलायड विलयन का
(C) इमल्सन का (D) वायु विलयन का

उत्तर-(B)

150. करुणानिधि मुख्यमंत्री हैं-

(A) आन्ध्र प्रदेश के (B) कर्नाटक के
(C) केरल के (D) तमिलनाडु के

उत्तर-(D)

व्याख्या-पूछे गये प्रश्न के समय में करुणानिधि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री थे।

●●●

Dhyeya IAS Now on Telegram

Join Dhyeya IAS Telegram Channel from link the given below

https://t.me/dhyeya_ias_study_material

नोट : पहले अपने फ़ोन में टेलीग्राम App Play Store से Install कर ले उसके बाद लिंक में क्लिक करें जिससे सीधे आप हमारे चैनल में पहुँच जायेंगे।

You can also join Telegram Channel through our website

www.dhyeyaias.com

www.dhyeyaias.in

ध्येय IAS
most trusted since 2003

Address: 635, Ground Floor, Main Road, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi 110009
Phone No: 011-47354625/ 26 , 9205274741/42, 011-49274400

Subscribe Dhyeya IAS Email Newsletter
(ध्येय IAS ई-मेल न्यूजलेटर सब्स्क्राइब करें)

जो विद्यार्थी ध्येय IAS के व्हाट्सएप ग्रुप (Whatsapp Group) से जुड़े हुये हैं और उनको दैनिक अध्ययन सामग्री प्राप्त होने में समस्या हो रही है | तो आप हमारेईमेल लिंक Subscribe कर ले इससे आपको प्रतिदिन अध्ययन सामग्री का लिंक मेल में प्राप्त होता रहेगा | **ईमेल से Subscribe करने के बाद मेल में प्राप्त लिंक को क्लिक करके पुष्टि (Verify) जरूर करें अन्यथा आपको प्रतिदिन मेल में अध्ययन सामग्री प्राप्त नहीं होगी |**

नोट (Note): अगर आपको हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यम में अध्ययन सामग्री प्राप्त करनी है, तो आपको दोनों में अपनी ईमेल से Subscribe करना पड़ेगा | आप दोनों माध्यम के लिए एक ही ईमेल से जुड़ सकते हैं |



ध्येय IAS
most trusted since 2003
Address: 635, Ground Floor, Main Road, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi 110009
Phone No: 011-47354625/ 26 , 9205274741/42, 011-49274400

ध्येय IAS अब व्हाट्सएप पर
Dhyeya IAS Now on Whatsapp

ध्येय IAS के व्हाट्सएप ग्रुप से जुडने के लिए 9355174442 पर "Hi Dhyeya IAS" लिख कर मैसेज करें

नोट: अगर आपने हमारा Whatsapp नंबर अपने Contact List में Save नहीं किया तो आपको प्रीतिदिन के मैटेरियल की लिंक प्राप्त नहीं होंगी इसलिए नंबर को Save जरूर करें।

आप हमारी वेबसाइट के माध्यम से भी जुड सकते हैं

www.dhyeyaias.com
www.dhyeyaias.in

ध्येय IAS
most trusted since 2003

Address: 635, Ground Floor, Main Road, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi 110009
Phone No: 011-47354625/ 26 , 9205274741/42, 011-49274400